# रिलीज हुआ कमांडो 3 का ट्रेलर, एक्शन से विद्युत ने बनाया दीवाना

विद्युत जामवाल स्टारर कमांडो सीरीज की तीसरी फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है. इस फिल्म में एक बार फिर विद्युत जामवाल जबरदस्त एक्टशन करते नजर आ रहे हैं. कमांडो 3 में इस बार विद्युत के साथ अदा शर्मा, अंगिरा धर और गुलशन देवैया मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं.

फिल्म के टीजर रिलीज के दौरान मेकर्स की ओर से ये साफ कर दिया गया था कि इस फिल्म में विद्युत देश की रक्षा करते नजर आएंगे. टीजर में कहा गया कि साल 2०13 में वो अपने प्यार के लिए लड़ा था, साल 2०17 में वो कालेधन के खिलाफ लड़ा और अब साल 2०19 में वो अपने देश के लिए लड़ेगा.

फिल्म के ट्रेलर में विद्युत के दमदार एक्शन के साथ एक जबरदस्त कहानी भी दिखाई गई है. जिसमें दिखाया गया है कि कैसे कुछ लोग देश के मुसलमानों को निशाना बनाकर उन्हें देश के खिलाफ भड़काते हैं. ऐसे में विद्युत का किरदार करण सिंह डोगरा लंदन में आतंक के खिलाफ लड़ता नजर आ रहा है. कमांडो 3 के ट्रेलर को फैंस की ओर से शानदार रिस्पॉन्स मिला है. इसे लेकर विद्युत जामवाल ने कहा है कि वो इससे खासा खुश हैं. आपको बता दें कि इस ट्रेलर को जिसे 24 घंटे में अभी तक 1.8 करोड़ बार यूट्यूब पर देखा जा चुका है. विद्युत ने कहा, कमांडो 3 फिल्म के ट्रेलर को मिल रही प्रतिक्रिया से खुश हूं. एक फ्रेंचाइजी के रूप में कमांडो मेरे बेहद करीब है. दर्शकों से मुझे जो प्यार मिला है, वह सुखदायक है. उन्होंने आगे कहा, फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म आना और मैं ट्रेलर की तरह ही दर्शकों को आश्चर्यचकित और प्रसन्न करने की उम्मीद कर रहा हूं.

बता दें कि फिल्म का निर्देशन आदित्य दत्त ने किया है. इस थ्रिलर में सन शाइन पिक्चर्स के साथ मिलकर रिलायंस एंटरटेनमेंट और मोशन पिक्चर कैपिटल द्वारा प्रस्तुत विपुल अमृतलाल शाह के प्रोडक्शन में बनी फिल्म 29 नवंबर को रिलीज होगी.

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)






# अमिताभ के साथ काम करना यादगार: इमरान हाशमी

अभिनेता इमरान हाशमी ने आगामी थ्रिलर फिल्म चेहरे में पहली बार मेगास्टार अमिताभ बच्चन के साथ एक सह-कलाकार के तौर पर काम किया है. उन्होंने कहा कि फिल्म 7० प्रतिशत तक पूरी हो चुकी है. इमरान का कहना है कि बिग बी के साथ कैमरा फेस करने का अनुभव यादगार है. बता दें कि इस फिल्म को अगले साल 21 फरवरी को रिलीज किया जाएगा.

इमरान हाशमी ने कहा, अमिताभ बच्चन के साथ काम करने का अनुभव काफी बेहतरीन रहा है. मुझे लगता है कि न केवल प्रत्येक अभिनेता पर, बल्कि हमारे देश के हर नागरिक पर उनका एक गहरा प्रभाव है. उनके साथ कैमरा फेस करना और एक ही फ्रेम में रहने का अनुभव वाकई में यादगार है.

चेहरे के निर्माता आनंद पंडित की दिवाली पार्टी में इमरान ने ये बातें कहीं. उन्होंने कहा, हमारी एक बेहतरीन फिल्म आने वाली है और हमने 7० प्रतिशत तक की शूटिंग पूरी कर ली है. शूटिंग के दौरान आनंद (पंडित) के साथ मैंने बहुत मस्ती की. वह एक निर्माता हैं जो आधुनिक विषयवस्तु पर काम करते हैं और इस फिल्म के साथ मुझे दिग्गज मिस्टर अमित जी (अमिताभ बच्चन) संग काम करने का मौका मिला, इसलिए इसकी रिलीज का मुझे बेसब्री से इंतजार है.

चेहरे फिल्म किस विषय पर आधारित है? इस पर इमरान ने कहा, अभी इस बारे में बात करना जल्दबाजी होगा. जब जनवरी में हम फिल्म का प्रोमोशन शुरू करेंगे, तब मैं इसे लेकर बात करूंगा. रूमी जाफरी द्वारा निर्देशित यह फिल्म अगले साल फरवरी में रिलीज होगी.

# जाह्नवी और अंगद ने पूरी की गुंजन सक्सेना: द करगिल गर्ल की शूटिंग

फिल्म धड़क से बॉलिवुड करियर की शुरुआत करने वाली जाह्नवी कपूर अब फिल्म गुंजन सक्सेना: द करगिल गर्ल में नजर आएंगी।

यह फिल्म इंडियन एयरफोर्स पायलट गुंजन सक्सेना की बायॉपिक है। वह 1999 में युद्ध क्षेत्र में प्रवेश करने वाली पहली महिला लड़ाकू विमान चालकों में से एक थीं। इस फिल्म में जाह्नवी कपूर एयरफोर्स की वर्दी पहने हुए युद्ध करते हुए देखेंगे। ऐसा कहा जा रहा कि फिल्म की शूटिंग भारत और जॉर्जिया में की है। कई ऐक्शन सीन से भरपूर इस फिल्म की शूटिंग को जाह्नवी कपूर और उनके ऑन स्क्रीन भाई बने अंगद बेदी ने टीम के साथ पूरा कर लिया है।

फिल्ममेकर्स ने इस साल की शुरुआत में फिल्म के पोस्टर का एक सेट रिलीज किया था। इन पोस्टर्स में गुंजन के जीवन के कई महत्वपूर्ण पड़ावों के बारे में बताया गया, जिसमें उनके पायलट बनने का सपना और पिता के साथ के का जिक्र किया गया।

डायरेक्टर शरण शर्मा के डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म में ऐक्टर पंकज त्रिपाठी जाह्नवी के पिता के और नीना गुप्ता उनकी मां के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म में रजत बरमेचा, विजय वर्मा, मनु ऋषि और हर्ष छाया भी महत्वपूर्ण किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म 13 मार्च, 2०2० को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## अपने प्रॉडक्शन की फिल्मों में ऐक्टिंग नहीं करेंगी कंगना

अगर आपको याद हो तो साल 2०17 में ऐक्ट्रेस कंगना रनौत ने अनाउंस किया था कि वह जल्द ही अपना प्रॉडक्शन हाउस खोलेंगी। स्टूडियो बनाने के लिए उन्होंने बांद्रा के पाली हिल इलाके में जमीन भी खरीद ली थी। लेकिन किन्हीं वजहों से प्रॉडक्शन हाउस खोलने का प्लान कुछ वक्त के लिए रुक गया। लेकिन अब अगले साल जनवरी तक कंगना का प्रॉडक्शन स्टूडियो बनकर तैयार हो जाएगा। इसका नाम उन्होंने मणिकर्णिका फिल्म्स रखा है। हालांकि कंगना अपने प्रॉडक्शन की फिल्मों में खुद ऐक्टिंग नहीं करेंगी बल्कि अन्य टैलंटेड लोगों को मौका देंगी। कंगना ने बताया कि उनके पास फिल्ममेकर्स नई-नई स्क्रिप्ट लेकर आ रहे हैं, पर वे चाहते हैं कि वह उनमें ऐक्टिंग करें। लेकिन कंगना का मानना है कि नए टैलंट को एक ऐसे प्लैटफॉर्म की जरूरत है जहां वे अपनी ऐक्टिंग की प्रतिभा को दिखा सकें। साथ ही फिल्म के लिए जो कहानियां वह पढ़ रही हैं, वे कहीं खो न जाएं। बॉलिवुड में हावी नेपोटिज्म पर मुखर होकर बोलने वाली कंगना अब फिल्म इंडस्ट्री को ऐसी जगह बनाना चाहती हैं जहां हर वर्ग के टैलंट को मौका मिले। इसीलिए कंगना ने कहा, मैं जो भी फिल्में प्रड्यूस करूंगी उनमें ऐक्टिंग नहीं करूंगी। हमारे आस-पास बहुत टैलंट है। मैं ऐसे ऐक्टरों को हायर करूंगी जो स्क्रिप्ट के हिसाब से एकदम परफेक्ट हों। मैं नए टैलंट को अपनी छत्रछाया में रखूंगी और गाइड करूंगी। कंगना ने आगे कहा कि वह पहले छोटे बजट की फिल्मों को तवज्जो देंगी और देखेंगी कि उन्हें कैसा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इसके बाद ही वह बड़े स्तर पर कुछ करेंगी।